इन्क़िलाबी नज़र
आवाज़ ... आम आदमी की
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 10 अप्रैल 2025
वर्ष 17 अंक 214 मूल्य 4-00 रुपया पृष्ठ- 12

आत्मा अकेले आती है अकेले चली जाती है, न कोई उसका साथ देता है न कोई उसका मित्र बनता है।
- भगवान महावीर

तापमान - अधिकतम 38.84°C (+1.2) न्यूनतम 26.8°C(+7.1) सेंसेक्स 73,847.15 (-379.93) निफ्टी 22,399.15 (-136.70) सोना 90,590 चांदी 93,000 मुद्रा - डालर 86.68 दिरहम 23.60 रियाल 23.11



# एरा विश्वविद्यालय व नेशनल कालेज के बीच हुआ एमओयू



**लखनऊ (सं)।** मनोविज्ञान विभाग की पहल से नेशनल पी जी कॉलेज व एरा यूनिवर्सिटी के बीच एक एमओयू साइन किया गया। इस एमओयू पर नेशनल पीजी कालेज की ओर से प्राचार्य प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह और एरा यूनिवर्सिटी की ओर से रजिस्ट्रार प्रो. अनु चंद्रा ने साइन किये।

इस एमओयू द्वारा दोनों ही संस्थान मिलकर भविष्य में शैक्षिक, सामाजिक, सांस्कृतिक व शोध गतिविधियों पर साथ कार्य करेंगे। इससे विद्यार्थी, शोधकर्ता व शिक्षक वर्ग लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर एरा यूनिवर्सिटी से डॉ. इसरार अहमद, डॉ. तबरेज जाफर, डॉ. मो. सलमान खान और नेशनल पीजी कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ. जागृति शुक्ला, डॉ. नेहाश्री श्रीवास्तव और सक्षम शुक्ला उपस्थित रहीं।